प्रादेशिक समाचार
दिनांक–27.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण में 12 राज्यों और केन्द्रस शासित प्रदेशों की नवासी लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। दूसरे चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थांन की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ–आठ, मध्य प्रदेश की 7, असम और बिहार की 5–5, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ की तीन–तीन, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मूत कश्मीर की एक–एक सीट पर चुनाव होगा। उम्मीरदवार 4 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और मतदान 26 अप्रैल को होगा।

****

साहिबगंज के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र की पुलिस ने देशी कट्टा हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। सदर एसडीपीओ ने इसकी जानकारी दी।

****

पाकुड़ में नोडल पदाधिकारियों को समाहरणालय के सभागार में एनकोर पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान नोडल पदाधिकारियों को एनकोर पोर्टल एप्लिकेशन के जरिये प्रत्याशियों के ऑनलाइन नामांकन , प्रचार के लिए वाहनों का पंजीयन सहित किये जाने वाले कार्यो के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में लोकसभा चुनाव में एनकोर पोर्टल से होने वाले कार्यो की जानकारी नोडल पदधिकारियो को दी गई।

****

भारत ने मार्च में सबसे अधिक विदेशी फंड आकर्षित करके बाकी एशियाई बाजारों को पछाड़ दिया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने दिसंबर 2023 के बाद से सबसे बड़ी खरीदारी में भारतीय इक्विटी में तीन अरब तिरसठ करोड़ डॉलर का निवेश किया। घरेलू संस्थानों ने बावन हजार चार सौ सड़सठ करोड रुपये का निवेश किया जो पिछले चार वर्षों में सबसे अधिक है। इस उपलब्धि से भू–राजनैतिक संकट के कारण चली आ रही ऊंची ब्याज दर व्यवस्था के कुछ और समय तक जारी रहने की चिंता दूर होती दिखाई दे रही है।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में कांड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत शेन इंटरनेशल स्कूल के पास एलपीटी 407 वाहन में तेज रफ्तार पिकअप वैन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन बाधित हो गया।

****

हिंदी साहित्य की सुप्रसिध्द कवयित्री और स्वतंत्रता सेनानी महादेवी वर्मा की जयंती के मौके पर झारखंड बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया है।

****

गिरिडीह के आरक्षी अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने लोकसभा चुनाव को लेकर कल रात तीसरी प्रखंड में आने वाले नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बूथों और इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डीएसपी सहित थाना प्रभारियों को कई दिशा निर्देश दिये। आरक्षी अधीक्षक ने मतदान केंद्रों में सुरक्षा के साथ– साथ अन्य सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया।

****

चतरा जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा समीक्षा की जा रही है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिनों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है वहीं अधिकतम तापमान भी 5 डिग्री तक बढ़ने वाला है, जिसके बाद लोगों को चिलचिलाती गर्मी का एहसास होगा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले 5 दिन के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे वृद्धि होगी। अधिकतम तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उनतीस मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। इसी दिन नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है, जिसका असर पश्चिमी हिमालय में देखा जाएगा। इसका असर झारखंड पर भी पड़ सकता है। तीस मार्च को राज्य के दक्षिणी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। 31 मार्च को भी झारखंड के दक्षिणी हिस्से में कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। फिर 1 अप्रैल से झारखंड का मौसम साफ हो जाएगा।

*******समाप्त*******